Allegations regarding Pakistan's efforts to win support on Kashmir in U. N.

1574. SHRI YAMUNA PRASAD MANDAL : Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether the attention of Government has been drawn to a piece of item that appeared in "*The Indian Express*" of 3rd February, 1970 to the effect that the leader of Pakistan People's Party, Mr. Akbar Khan, formerly a Major-General, has alleged that Pakistan spent Rs. 250 crores on members of the UN to win their support on Kashmir ; and

(b) if so, the reaction of Government thereto ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI SURENDRA PAL SINGH) : (a) and (b). Government have seen press reports to this effect. If true, it further exposes the hollowness of Pakistan's claims.

बिहार में निर्माणाधीन परियोजनाएं

1575. **श्री वाल्मीकी चौधरी** : क्या **सिंचाई तथा विद्युत** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार में निर्माणाधीन सिंचाई परियोजना के क्या नाम है तथा प्रत्येक में कितनी प्रगति हुई हैं ;

(ख) प्रत्येक परियोजना पर कुल कितना व्यय हुआ तथा कुल अनुमानित व्यय की तुलना में उसकी प्रतिशतता कितनी थी और अब तक हुए कार्य की प्रतिशतता की तुलना में उक्त व्यय कितना था ; और

(ग) प्रत्येक परियोजना के पूर्ण होने में कितना समय लगने की सम्भावना है तथा उक्त परियोजनाएं निर्धारित तिथियों से पूर्व अथवा पश्चात कितनी अवधि में पूर्ण हो जायेंगी ?

सिंचाई तथा विद्युत मन्त्रालय में उप मन्त्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) से (ग) . बिहार में निर्माणाधीन वृहत तथा मध्यम सिंचाई परियोजनाओं के नामों अद्यतन व्यय और पूर्ण करने की लक्ष्य तिथि तथा 1968-69 तक और उनके पूर्ण होने पर होने वाले लाभों को दिखाने वाला विवरण संलग्नक के रूप में संलग्न है।

इन स्कीमों पर हुई प्रगति का ब्यौरा सभा पटल पर रखे गये विवरण में दिया गया है। [**ग्रन्थालय में रख दिया गया। देखिये संख्या एल० टी०** 2704/70]

बिहार राज्य की चौथी पंचवर्षीय योजना के प्रारूप को अन्तिम रूप देना

1576. **श्री वाल्मीकी चौधरी** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार राज्य की चौथी पंचवर्षीय योजना के प्रारूप को अन्तिम रूप दे दिया हैं ; और

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं, अर्थात अनुमानित परिव्यय क्या है, आय वृद्धि की दर क्या होगी, औद्योगिक तथा कृषि उत्पादन की वार्षिक वृद्धि दर क्या होगी, रोजगार के नये दर किस सीमा तक पैदा किये जाएंगे तथा राज्य में बेरोजगारी किस सीमा तक कम होगी ?

प्रधान मन्त्री, वित्त मन्त्री, अणुशक्ति मंत्री तथा योजना मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

मध्य प्रदेश में सैनिक स्कूल

1577. **श्री रामावतार शर्मा** : क्या **प्रतिरक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश में अब तक कितने **सैनिक स्कूल खोले गये हैं ;**